>

Title: Need to provide rail-link between Jalalabad and Sarsawa in Uttar Pradesh.

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर) : महोदय, जलालाबाद, मुज्जफरनगर (उ.प्र.) से सरसावा तक जनता के हित को ध्यान में रखते हुए एक रेलवे लाइन बिछाने की आवश्यकता है। यह रेलवे लाइन तीतरो, गंगोह एवं नकुड से होते हुए सरसावा तक पहुंच जायेगी। सरसावा रेलवे स्टेशन सहारनपुर एवं अम्बाला के बीच स्थित है जहां पर एयरफोर्स का बेस डिपो है। इस रेलवे लाइन के बिछाने से सरसावा, नकुड, गंगोह एवं तीतरो क्षेत्र की जनता सीधी दिल्ली, अम्बाला एवं अमृतसर से जुड़ जायेगी। जनता की मांग को देखते हुए इस लाइन को प्राथमिकता के आधार पर बिछवाने की आवश्यकता है।